दिनांक : 17.09.2024 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री–ओडिशा दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार की प्रमुख पहल सुभद्रा योजना का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने दो हजार आठ सौ करोड रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं और एक हजार करोड रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थियों से भी बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा.......
पीएम वाइट– श्री नरेन्द्र मोदी

जन औषधि उदघाटन

मध्यप्रदेश में, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 50 जिला अस्पतालों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन किया। इनका संचालन रेडक्रॉस के जरिए किया जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। इसके अलावा, 51 हजार प्रधानमंत्री आवासों का गृह प्रवेश भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐलान किया कि कचरा मुक्त शहर स्टार प्रमाणीकरण के आधार पर सफाई मित्रों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिस निकाय को जितने स्टार मिलेंगे, उसमें कार्यरत उतने हजार रुपए की राशि दी जाएगी यानी एक स्टार हासिल करने वाले निकाय को एक–एक हजार, दो, तीन स्टार से लेकर 5 स्तर और 7 स्टार तक प्राप्त कर सकते हैं। 7 स्टार वालों को 7 हजार रुपए प्रोत्साहन रांशि दी जाएगी।

कार्यक्रम में भोपाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 स्टार रेटिंग मिलने पर नगर निगम के 8 हजार 117 सफाई मित्रों को 5–5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। राज्यपाल मंगू भाई पटेल और सीएम ने सिंगल क्लिक से राशि खातों में ट्रांसफर की।

भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजभवनः शपथ
मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज राजभवन में विजय यादव को मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने डॉ. वंदना गांधी, डॉ. उमाशंकर पचौरी और ओंकार नाथ को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया।

राष्ट्रपति इंदौर
इंदौर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 18 और 19 सितंबर के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए इंदौर विमानतल और कार्यक्रम स्थल को उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। 17 सितंबर से 19 सितंबर तक विमानतल सहित मृगनयनी एम्पोरियम एमजी रोड, रेसीडेंसी कोठी और खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय उड़ान निषिद्ध क्षेत्र रहेंगे। विमानतल और कार्यक्रम स्थल के 3 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैरा ग्लाइडर और अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट

उड़ाने पर रोक रहेगी। राष्ट्रपति 18 सितम्बर को मृग नयिनी एम्पोरियम जाने और 19 सितम्बर को देवी अहिल्या विश्वविद्याल के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है।

अनंत चतुर्दशी

प्रदेश में आज पारंपरिक रूप से अनंत चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जा रहा है। कल शाम से राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न स्थलों से झांकियों के निकलने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। आज गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। इसके लिए शहरों में अलग से कुंड बनाए गए हैं तथा नदियों और तालाबों में विसर्जन की व्यवस्थाएं की गई हैं। विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बढा दी गई है।

मौसम

प्रदेश के कई हिस्सों में आज से तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने सिंगरौली, सीधी, रीवा, मउगंज, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और मैहर समेत 38 जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा सतना, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, सागर छतरपुर और पांडुर्णा जिलों में तेज आंधी और गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना है।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में आज से स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत हो गई। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने इस अभियान की शुरुआत की। 2 अक्टूबर तक सभी नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में जन भागीदारी के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- रायसेन के दशहरा मैदान पर स्थित जिला खेल परिसर में स्वच्छता सेवा अभियान के तहत खिलाडियों ने किया और श्रमदान स्वच्छता संदेश दिया।
- गणेश उत्सव के आखिरी दिन आज जबलपुर में भगवान गणपति का विसर्जन पूर्ण विधि विधान के साथ किया जा रहा है।